ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की अट्ठारहवीं बैठक

## कार्यवृत्त

**दिनांक : 23 दिसंबर, 2022** **समय : पूर्वाह्न 11.00 बजे**

**स्थान : महादेवी वर्मा सभागार**

# आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की अट्ठारहवीं बैठक

**दिनांक : 23 दिसंबर, 2022** **स्थान : महादेवी वर्मा सभागार**

## अनुक्रमणिका

| मद सं. | विवरण |
|---|---|
| 1. | आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की पिछली 04 (चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं एवं सत्रहवीं बैठक) बैठकों के कार्यवृत्तों की संपुष्टि एवं अनुमोदन। |
| 2. | आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की पिछली 04 (चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं एवं सत्रहवीं बैठक) बैठकों में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही। |
| 3. | SSR (Self Study Report) संबंधी कार्यवाही की जानकारी। |
| 4. | आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा संपन्न गुणवत्ता सुनिश्चायन गतिविधियां<br>• बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ (Intellectual Property Rights (IPR) Cell का गठन<br>• अकादमिक ऑडिट 2018-19, 2019-20, 2020-21<br>• अकादमिक ऑडिट 2021-22<br>• AISHE 2020-21<br>• NIRF 2022 |
| 5. | AQAR 2021-22, AISHE 2021-22, IIQA एवं NIRF 2023 का मसौदा (Draft) समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत। |
| 6. | आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा आगामी कार्य योजना विवरण। |
| 7. | विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) कार्यालय को प्रेषित करने का प्रस्ताव। |
| 8. | विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये email address (hindivishwa.ac.in) पर विभाग/केंद्र द्वारा अपने दस्तावेजों को ड्राइव पर सुरक्षित रखने का प्रस्ताव। |
| 9. | विभाग/केंद्र के स्तर पर प्रतिपुष्टि प्राप्त करने, संबंधित अध्ययन मंडल में चर्चा करने और तत्संबधी कृत कार्यवाही को संबंधित स्कूल बोर्ड के माध्यम से विद्या परिषद में प्रेषित करने के संबंध में प्रस्ताव। |
| 10. | अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय। |

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन समिति के निदेशक द्वारा समिति को सूचित किया गया कि अत्यावश्यक कारणों से इस समिति के आंतरिक सदस्यों की बैठक आहूत की गई,जिसका उद्देश्य CAS से संबंधित विषय पर विचार करना था । अतएव उस बैठक को सत्रहवीं बैठक मानते हुए इस बैठक को अट्ठारहवीं बैठक मानने का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव को निदेशक द्वारा अध्यक्ष महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष महोदय के प्रस्ताव को समिति द्वारा स्वीकृत किया गया और उक्त संशोधन को कार्यवृत्त में सम्मिलित करने का निर्णय लिया गया।

**मद संख्या 1 : आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की पिछली 04 (चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं एवं सत्रहवीं बैठक) बैठकों के कार्यवृत्तों की संपुष्टि एवं अनुमोदन।**

आंतरिक गुणवत्ता आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की पिछली 04 (चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं एवं सत्रहवीं बैठक) बैठकों का आयोजन माननीय कुलपति महोदय प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सम्मिश्र पद्धति से सम्पन्न हुई। इन बैठकों के कार्यवृत्त समस्त सदस्यों को ईमेल के माध्यम से प्रेषित किए गए थे। उस पर कोई टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई थी। कार्यवृत्त संपुष्टि एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा अनुमोदित ।**

**मद संख्या 2 : आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की पिछली 04 (चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं एवं सत्रहवीं बैठक) बैठकों में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही।**

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की पिछली 04 (चौदहवीं, पंद्रहवीं, सोलहवीं एवं सत्रहवीं बैठक) बैठकों में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही **संलग्नक 1** में प्रस्तुत की गयी है।

उपर्युक्त प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा अनुमोदित।**

**मद संख्या 3 : SSR (Self Study Report) संबंधी कार्यवाही की जानकारी।**

NAAC के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्यायन एवं मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत IIQA एवं SSR प्रारंभ की गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यालयादेश क्रमांक 003/2003/का.आ./02-188/2021 दिनांक 17.09.2021 के अंतर्गत SSR के सात मानदंडों के लिए संयोजक नियुक्त किए गए हैं।

NAAC द्वारा जारी सूचना के अनुसार विश्वविद्यालय को 31 दिसंबर 2022 तक IIQA जमा करना है।

SSR (Self Study Report) संबंधी कार्यवाही की जानकारी सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा संज्ञान लिया गया।**

**मद संख्या 4 : आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा संपन्न गुणवत्ता सुनिश्चायन गतिविधियां। विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा 16वीं बैठक के उपरांत निम्नलिखित गतिविधियाँ सम्पन्न की गयी -**

- बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ (Intellectual Property Rights (IPR) Cell का गठन
- अकादमिक ऑडिट 2018-19, 2019-20, 2020-21
- अकादमिक ऑडिट 2021-22
- AISHE 2020-21
- NIRF 2022
- AQAR 2020-21

उपर्युक्त सम्पन्न गतिविधियों की जानकारी सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा संज्ञान लिया गया। माननीय अध्यक्ष द्वारा NIRF में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा विद्यार्थियों के रोजगार एवं नियोजन संयोजन हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गया -**

- **प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल**
- **प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट**
- **प्रो. अनिल कुमार राय**

**समिति विश्वविद्यालय के अन्य सदस्यों को आवश्यतानुसार सम्मिलित कर सकेगी।**

**साथ ही आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ समिति के बाह्य विशेषज्ञों प्रो. ओ.पी. गुप्ता एवं डॉ. समय बंसोड से सहयोग प्राप्त करने का अनुरोध किया गया।**

**मद संख्या 5 : AQAR 2021-22, AISHE 2021-22, IIQA एवं NIRF 2023 का मसौदा (Draft) समिति के समक्ष प्रस्तुत।**

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा AQAR 2021-22 (अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022), AISHE 2021-22 (अंतिम तिथि 20 जनवरी 2023), IIQA (अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022) एवं NIRF 2023 (अंतिम तिथि 20 जनवरी 2023) का मसौदा (Draft) समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा अनुमति प्रदान की गई। आगामी कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।**

**मद संख्या 6 : आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा आगामी कार्य योजना विवरण।**

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा वर्ष 2022-23 में निम्नलिखित गतिविधियाँ प्रस्तावित हैं-

- शिक्षकों हेतु शोध संबंधी कार्यशाला
- शोधार्थियों हेतु अकादमिक कार्यशाला
- शिक्षकेतर सदस्यों हेतु कार्यशाला
- शिक्षकों हेतु आईसीटी प्रशिक्षण कार्यशाला
- बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधी कार्यशाला

उपर्युक्त प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ अगली बैठक में पूर्ण योजना(दिनांक/विशेषज्ञ/योजना आदि) के विवरण सहित प्रस्तुत करें।**

**मद संख्या 7 : विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) कार्यालय को प्रेषित करने का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय के विभाग/केंद्र/प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का नाम, सहयोगी संस्था का नाम, कार्यक्रम का ब्रोशर या सूचना, प्रतिभागियों की सूची, कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट, कार्यक्रम की फोटो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करते हुए आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) कार्यालय में भेजने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

उपर्युक्त प्रस्ताव के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के दस्तावेजीकरण में सुविधा होगी।

उपर्युक्त प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा अनुमोदित।**

**मद संख्या 8 : विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये email address (hindivishwa.ac.in) पर विभाग/केंद्र द्वारा अपने दस्तावेजों को ड्राइव पर सुरक्षित रखने का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय द्वारा समस्त सदस्यों को hindivishwa.ac.in डोमेन ईमेल उपलब्ध कराये गये हैं। विश्वविद्यालय एवं NAAC द्वारा मांगी गयी जानकारी विश्वविद्यालय के विभागों/केंद्रों द्वारा एव उनके सदस्यों को इसी डोमेन के ड्राइव पर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। विश्वविद्यालय के सर्वर पर यह डोमेन उपलब्ध होने के कारण जानकारी के खोने/न खुलने की कठिनाइयों से बचा जा सकता है।

उपर्युक्त प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – समिति द्वारा अनुमोदित।**

**मद संख्या 9 : विभाग/केंद्र के स्तर पर प्रतिपुष्टि प्राप्त करने, संबंधित अध्ययन मंडल में चर्चा करने और तत्संबधी कृत कार्यवाही को संबंधित स्कूल बोर्ड के माध्यम से विद्या परिषद में प्रेषित करने के संबंध में प्रस्ताव।**

NAAC मानदंड के अंतर्गत प्रतिपुष्टि एक महत्त्वपूर्ण अंग है। वर्तमान में इसके विश्वविद्यालय स्तर पर एकीकृत रूप में प्राप्त करने की प्रणाली है। इसके स्थान पर विभाग/केंद्र के स्तर पर प्रतिपुष्टि प्राप्त करने, उस पर संबंधित अध्ययन मंडल में चर्चा करने और उस संबंध में की गयी कार्यवाही को संबंधित स्कूल बोर्ड के माध्यम से विद्या परिषद में प्रेषित करने का प्रस्ताव है।

उपर्युक्त प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय – आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष के स्थान पर प्रत्येक सेमेस्टर में एकीकृत रूप से ही प्रतिपुष्टि प्राप्त की जाए। इस प्रतिपुष्टि की एक प्रविधि विकसित कर अध्ययन मंडल को प्रस्तुत किए जाने वाले विवरण संबंधित विभाग/केंद्र को प्रस्तुत किए जाएं। विभाग/केंद्र द्वारा संबंधित अध्ययन मंडल में इन बिंदुओं पर चर्चा कर स्कूल बोर्ड एवं तदन्तर विद्या परिषद् में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।**

**मद संख्या 10 : अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।**

- ऐसे मामलों/विषयों जिन पर अत्यावश्यक तुरंत निर्णय लिए जाने हैं, उनके बारे में निदेशक: आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ द्वारा आवश्यक परिवर्तन/परिवर्द्धन के प्रस्ताव माननीय कुलपति को प्रस्तुत किए जाएंगे।
- APAR के प्रारूप में यथावश्यक संशोधन कर माननीय कुलपति महोदय को प्रस्तुत किया जाए।
- विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग/केंद्र के अद्यतन हुये पाठ्यक्रम को 31 दिसम्बर 2022 तक विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड किए जाएं।

- समरूपता के दृष्टिकोण से विभाग/केंद्र द्वारा कोर्स कोड, प्रोग्राम कोड निर्धारित किए जाने के संबंध में निम्नलिखित समिति का गठन किया गया-
    - प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल
    - प्रो.चंद्रकांत एस.रागीट
    - प्रो. अनिल कुमार राय
    - प्रो. गोपालकृष्ण ठाकुर
    - कुलसचिव
    - सहायक कुलसचिव(परीक्षा)
- समिति सदस्य प्रो. अनिल कुमार राय द्वारा विद्यार्थियों की माँगों को उचित माध्यम से अभिव्यक्त करने हेतु एक मानकीकृत व्यवस्था की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सूचित किया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में कार्य सम्पन्न किया गया है और इस विषय पर केंद्रित सॉफ्टवेयर शीघ्र ही विश्वविद्यालय को उपलब्ध होगा जिससे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के सुझावों/शिकायतों आदि पर पारदर्शी तरीके से कार्य सम्पन्न हो सके। साथ ही विश्वविद्यालय के प्रत्येक भवन में शिकायत/सुझाव पेटी रखने पर सहमति बनी। प्रत्येक सप्ताह इन शिकायतों/सुझावों पर चर्चा कर उनके निराकरण का कार्य किया जाएगा। अधिष्ठाता : विद्यार्थी कल्याण के निर्देशन में यह कार्य सम्पन्न होगा ।
- विद्यार्थी प्रतिनिधि गौरव कुमार द्वारा विद्यार्थी प्रवेश संख्या और प्लेसमेंट को लेकर सुझाव प्रदान किए गए। उन्होंने प्रस्तावित किया कि विश्वविद्यालय के प्रवेश/विभाग/केंद्रों की ओर से संवाद सुचारू और स्पष्ट रूप से किया जाए, सूचनाएं नियमित रूप से भेजी जाएं ताकि विद्यार्थी विश्वविद्यालय से जुड़ाव अनुभव करें और प्रवेश के लिए प्रेरित हो। साथ ही नियोजन प्रकोष्ठ के लिए प्रत्येक विभाग में पूर्व विद्यार्थियों को इससे जोड़ा जाए।
- आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ द्वारा Responsibility of Teachers in University Corporate life विषय पर चर्चा आयोजित की जाए।

23/12/2022

**प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट**
प्रति कुलपति एवं निदेशक : आं.गु.सु.प्र.

23/12/22

**प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल**
माननीय कुलपति महोदय
एवं अध्यक्ष : आं.गु.सु.प्र.समिति